दिन–सोमवार दिनांक– 08 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

सर्वोच्च न्यायालय नीट–यूजी परीक्षा से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ कुल अड़तीस याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ सबसे पहले उन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी जिनमें गड़बड़ी के आधार पर पूरी परीक्षा को चुनौती देते हुए दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई है। उसके बाद एनटीए और केंद्र की दलीलें सुनी जाएंगी।

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श करके महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश पर एक मॉडल नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

———————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए आज शाम प्रचार का शोर थम जाएगा। प्रचार के आज अंतिम दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। एनडीए की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित एनडीए के अन्य नेता जदयू उम्मीदवार कलाधर प्रसाद मंडल के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। वहीं, इंडी गठबंधन की ओर से राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी प्रचार में शामिल हो रहे हैं। इस बीच, पूर्णियां के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने राजद उम्मीदवार बीमा भारती को समर्थन देने की घोषणा की है। रूपौली विधानसभा के लिए मतदान दस जुलाई को होगा।

———————————————————————

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान को पार कर गयी है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में और महानंदा का जलस्तर किशनगंज के तैयबपुर, पूर्णियां के ढेंगराघाट और कटिहार के झावा में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, परमान नदी भी अररिया में खतरे के निशान से अट्ठाईस सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुपौल, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले के कई निचले इलाकों में बाढ का पानी फैल गया है। सुपौल में पांच प्रखंड की सत्ताईस पंचायतों की लगभग पांच लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित हुयी है। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। पूर्वी चंपारण जिले में भी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। श्री कुमार ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा के पत्तरघट में सबसे अधिक एक सौ ग्यारह दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान कटिहार, अररिया और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों मे हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के मधुबन प्रखंड के लोहरगावां गांव में आज एक पुलिया ध्वस्त हो गयी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस पुलिया का निर्माण वर्ष दो हजार उन्नीस में ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से पैंतालीस लाख रूपये की लागत से करवाया गया था। पुलिया के ध्वस्त होने से आवागमन बाधित हो गया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।